http://www.sgbauonline.com/

**AV–836**

**M.A. (Part–I) Hindi (Semester –I) Examination**
**HINDI**
**(Prachin Ewam Madhyakalin Kavya)**
**Paper–1**

समय : तीन घण्टे] [पूर्णांक : 80

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 2×8=16

(1) देख देख राधा रूप अपार
अपुरुष के बिहि अनि मिलाओल
खिति-तल लावनी-सार
अंगहि अंग अनंग मुरछाइल
हेरए पड़ए अथीर
मनमथ कोटि-मथन कुरु जे जन ।

(2) भोर तें साँझ लौं कानँन ओर निहारति बावरी नेकु न हारति ।
साँझ तें भोर लौं तारनि ताकिबो तारनि सों इकतार न टारति ।
जौ कहूँ भावतो दीठि परै घनआनँद आँसुनि औसर गारति ।
मोहन-सोँहन जोहन की लगियै रहै आँखिन के उर आरति ।

(3) चकवी बिछुटी रैणि की, आइ मिली परभाति ।
जे जन बिछुटे राम सूं, ते दिन मिले न राति ।।
हिरदा भीतरि आरसी, मुख देषणां न जाई ।
मुख तौ तौपरि देखिए, जे मन की दुबिधा जाइ ।।

(4) खेलत मानसरोवर गई । जाइ पालि पर ठाढ़ी भई ।
देखि सरोवर रहसहिं केली । पदुमावति सौं कहहिं सलेली ।
ऐ रानी मन देखु बिचारी । एहि नैहर रहना दिन चारी ।
जौ लहि अहै पिता कर राजु । खेलि लेहु जौ खेलहु आजू ।

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए : 16×2=32

(अ) विद्यापति की सौंदर्य दृष्टि की समीक्षा कीजिए ।
(आ) घनानंद के कवित्त और सवैये की विशेषताएं लिखिये ।
(इ) 'कबीर एक क्रांतिकारक कवि हैं ।' स्पष्ट कीजिए ।
(ई) सूफी काव्य परंपरा में पद्मावत के महत्व को स्पष्ट कीजिए ।

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए : 16

(अ) पद्मावत की काव्य विशेषता लिखिए ।
(आ) अमीर खुसरो की पहेलियों का मूल्यांकन कीजिए ।
(इ) संत रैदास की सामाजिक विचारधारा को रेखांकित कीजिए ।
(ई) रहीम के दोहों की समीक्षा कीजिए ।
(उ) रसखान के सवैये का मूल्यांकन कीजिए ।
(ऊ) केशवदास की रामचंद्रिका की महता लिखिए ।

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/अति लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिए : 16

(1) कीर्तिपताका ________ की रचना है ।
(घनानंद, विद्यापति, रैदास)

(2) जायसी ________ के कवि थे ।
(ज्ञानाश्रयी शाखा, प्रेमाश्रयी शाखा, रामकाव्य)



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(3) दुलहिनी गावहु मंगलाचार पंक्ति ________ की है । (कबीर, रसखान, केशवदास)

(4) सुजान सागर ______ की रचना है । (रैदास, घनानंद, विद्यापति)

(5) पद्मावत ________ में लिखी गई रचना है (ब्रजभाषा, बघेली, अवधी)

(6) गंगालहरी ________ की रचना है । (रहीम, रसखान, पद्माकर)

(7) ________ को रहिम का जन्म हुआ । (1556, 1440, 1455 )

(8) 'नगरशोभा ________ की रचना है । (घनानंद, विद्यापति, रहिम)

(9) संत कबीर के गुरु कौन थे ?

(10) विद्यापति किस राजा के दरबारी कवि थे ?

(11) 'नाद रीझि तन देत मृग' यह पंक्ति किसकी है ?

(12) पद्माकर ने हिंदी की किस बोली भाषा में काव्य लिखा है ?

(13) 'आखिरी कलाम' के रचयिता कौन हैं ?

(14) 'अब कैसे छूटे राम नाम रट लागी' किसकी पंक्ति है ?

(15) 'कविप्रिया' किसकी रचना है ?

(16) रसखान ने किस संप्रदाय में दीक्षा ली ?



http://www.sgbauonline.com/